बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
आदेश

आदेश सं0–वि०प्रा० (III) स०नि०–05/2020 13 पटना/दिनांक:– 01/01/25

श्री महेश प्रसाद सिंह, अनुदेशक, नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 को विभागीय आदेश संख्या–1926, दिनांक–14.08.2020 के द्वारा संविदा पर नियोजन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 की **कंडिका–03 (2) (क) (V)** तथा **कंडिका–03 (2) (ख) (V)** के तहत प्रावधानित अवधि के लिए अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति होने तक श्री सिंह को अनुदेशक के पद पर 02 (दो) वर्षों के लिए संविदा नियोजित करते हुए नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 में पदस्थापित किया गया था।

2. प्राचार्य, नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 द्वारा पत्रांक–377, दिनांक–06.05.2022 द्वारा श्री महेश प्रसाद सिंह के कार्यों को समीक्षोपरांत किये गये अनुशंसा एवं सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 की **कंडिका–03 (2) (क) (V) (VI)** में निहित प्रावधानों के आलोक में श्री महेश प्रसाद सिंह, अनुदेशक संविदा के रूप में 01 (एक) वर्ष के लिए अवधि विस्तार पूर्व की तरह श्री महेश प्रसाद सिंह, का संविदा नियोजन नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 मे किया गया था।

3. प्राचार्य, नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 द्वारा पत्रांक–551 दिनांक–21.07.2023 के माध्यम से उनके कार्यो का समीक्षोपरांत की गई अनुशसा एवं सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 की **कंडिका–03 (2) (क) (V) (VI)** में निहित प्रावधानों के आलोक में विभागीय आदेश सं०–3947 दिनांक–20.10.2023 द्वारा श्री महेश प्रसाद सिंह, अनुदेशक संविदा के रूप में 01 (एक) वर्ष के लिए योगदान की तिथि से अवधि विस्तार (इस पद पर नियमित नियुक्ति होने तक) किया गया।

4. प्राचार्य, नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 द्वारा पत्रांक–1561 दिनांक–03.10.2024 के माध्यम से श्री महेश प्रसाद सिंह को 65 वर्ष के उपरांत अवधि विस्तार हेतु उपलब्ध कराये गये अनुशंसा तथा एवं प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के अध्यक्षता में गठित विभाग स्तरीय चयन समिति की दिनांक–11.12.2024 को आयोजित बैठक की गई अनुशंसा के आलोक में श्री महेश प्रसाद सिंह अनुदेशक (संविदा नियोजित) के पद पर संविदा अवधि 65 वर्ष की आयु से 66 वर्ष की आयु (01.01.2026) तक विस्तारित करते हुए नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 में संविदा नियोजित किया जाता हैं।

5. श्री महेश प्रसाद सिंह को देय मासिक मानदेय एवं उनके सेवा शर्तों का निर्धारण संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 में निहित प्रावधानों के आलोक में किया जायेगा।

1/1/2025
निदेशक,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक सं0–वि०प्रा० (III) स०नि०–05/2020 13 पटना/दिनांक:– 01/01/25

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना।
2. कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना।
3. प्राचार्य, नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13।
4. सचिव के आप्त सचिव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।
5. श्री महेश प्रसाद सिंह, अनुदेशक (संविदा) नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13।
6. आई०टी० मैनेजर, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/1/2025
निदेशक,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
बिहार, पटना।